(i) अर्जुन को विघटन कार्य की देखरेख करने के लिए नियुक्त किया गया था जिसके लिए उसे ₹ 10,000 का वेतन दिया जायेगा । उसने वसूली व्ययों को वहन करने की सहमति दी । अर्जुन द्वारा भुगतान किए गए वास्तविक विघटन व्यय ₹ 9,500 थे ।

(ii) एक लेनदार, जिसे फर्म को ₹ 9,000 देने थे, ₹ 3,000 का स्टॉक 10% बट्टे पर लेने को सहमत हुआ तथा उसे शेष का भुगतान नगद किया गया ।

(iii) कुनाल ने फर्म को ₹ 20,000 का ऋण दिया हुआ था । उसे उसके ऋण के पूर्ण निपटान हेतु ₹ 19,000 का भुगतान किया गया ।

(iv) फर्नीचर के एक भाग को जिसका लेखा पुस्तकों में नहीं किया गया था तथा जिसका संभावित मूल्य ₹ 30,000 था, अर्जुन ने ₹ 27,000 में ले लिया । **4**

23. राधे लिमिटेड की अधिकृत पूँजी ₹ 50,00,000 है, जो ₹ 100 प्रत्येक के समता अंशों में विभक्त है । कम्पनी ने 45,000 अंशों के निर्गमन के लिए आवेदन आमन्त्रित किए । 44,000 अंशों के लिए आवेदन प्राप्त हुए । सभी आवेदकों को अंशों का पूर्ण रूप से आबंटन कर दिया गया । सभी याचनाएँ माँग ली गयीं तथा 500 अंशों पर ₹ 20 प्रति अंश की अन्तिम याचना को छोड़कर सभी विधिवत प्राप्त हो गयीं । कम्पनी ने इसमें से उन 400 अंशों का हरण कर लिया जिन पर अन्तिम याचना प्राप्त नहीं हुई थी ।

निम्न प्रश्नों के उत्तर दीजिए : **6**

(i) कम्पनी की प्राधिकृत पूँजी है :

(A) ₹ 43,50,000 (B) ₹ 44,00,000
(C) ₹ 45,00,000 (D) ₹ 50,00,000

(ii) कम्पनी की निर्गमित पूँजी है :

(A) ₹ 45,00,000 (B) ₹ 50,00,000
(C) ₹ 43,50,000 (D) ₹ 44,00,000

(iii) राधे लिमिटेड की अभिदत्त तथा पूर्ण प्रदत्त पूँजी है :

(A) ₹ 43,58,000 (B) ₹ 43,90,000
(C) ₹ 43,50,000 (D) ₹ 44,00,000

22. Pass the necessary journal entries for the following transactions on the dissolution of the partnership firm of Arjun and Kunal after various assets (other than cash) and external liabilities have been transferred to Realisation Account :

(i) Arjun was appointed to look after dissolution work for which he was allowed a remuneration of ₹ 10,000. He agreed to bear the dissolution expenses. Actual dissolution expenses paid by Arjun were ₹ 9,500.

(ii) A creditor to whom the firm owed ₹ 9,000, accepted stock of ₹ 3,000 at a discount of 10% and the balance was paid to him in cash.

(iii) Kunal had given a loan of ₹ 20,000 to the firm. He was paid ₹ 19,000 in full settlement of his loan.

(iv) A piece of furniture, which was not recorded in the books was taken over by Arjun at ₹ 27,000 whereas its expected value was ₹ 30,000. **4**

23. Radhey Ltd. has an authorized capital of ₹ 50,00,000 divided into equity shares of ₹ 100 each. The company invited applications for issuing 45,000 shares. Applications for 44,000 shares were received and allotment in full was made to all the applicants. All calls were made and duly received except on 500 shares on which the final call of ₹ 20 per share was not received. The company forfeited 400 shares on which the final call was not received.

Answer the following questions : **6**

(i) The Nominal Capital of the company is :

(A) ₹ 43,50,000 (B) ₹ 44,00,000

(C) ₹ 45,00,000 (D) ₹ 50,00,000

(ii) The Issued Capital of the company is :

(A) ₹ 45,00,000 (B) ₹ 50,00,000

(C) ₹ 43,50,000 (D) ₹ 44,00,000

(iii) Subscribed and fully paid up capital of Radhey Ltd. is :

(A) ₹ 43,58,000 (B) ₹ 43,90,000

(C) ₹ 43,50,000 (D) ₹ 44,00,000

(iv) राधे लिमिटेड के स्थिति विवरण में दर्शायी जाने वाली 'अंश पूँजी' की राशि होगी :

(A) ₹ 43,50,000 (B) ₹ 43,90,000

(C) ₹ 43,82,000 (D) ₹ 44,00,000

(v) 'खातों के नोट्स' में 'अंश हरण खाते' में दर्शायी जाने वाली राशि होगी :

(A) ₹ 50,000 (B) ₹ 40,000

(C) ₹ 8,000 (D) ₹ 32,000

(vi) 'खातों के नोट्स' में दर्शायी जाने वाली 'अदत्त याचना राशि' होगी :

(A) ₹ 8,000 (B) ₹ 2,000

(C) ₹ 10,000 (D) ₹ 5,000

24. मोहित, अनीशा तथा शिवम् एक फर्म के साझेदार थे तथा 4 : 3 : 2 के अनुपात में लाभ–हानि बाँटते थे । 30 सितम्बर, 2023 को मोहित की मृत्यु हो गयी । सभी आवश्यक समायोजनों के पश्चात् मोहित का पूँजी खाता ₹ 4,50,000 का क्रेडिट शेष दर्शा रहा था । 1 अक्टूबर, 2023 को मोहित के निष्पादकों को ₹ 50,000 का नगद भुगतान कर दिया गया तथा शेष का भुगतान अदत्त राशि पर 6% वार्षिक दर के ब्याज सहित 30 सितम्बर, 2024 से प्रारम्भ करके दो बराबर वार्षिक किस्तों में किया जाना था । फर्म अपनी पुस्तकें 'प्रति वर्ष 31 मार्च को बंद करती है ।

राशि के पूर्ण भुगतान किए जाने तक मोहित के निष्पादकों का खाता तैयार कीजिए । **6**

25. (a) निम्न स्थितियों में अंशों के हरण तथा हरण किए गए अंशों के पुनः निर्गमन की आवश्यक रोज़नामचा प्रविष्टियाँ कीजिए :

(i) सान्या लिमिटेड ने ₹ 2 प्रति अंश के प्रीमियम पर निर्गमित ₹ 10 प्रत्येक के 2000 अंशों जिन पर ₹ 8 प्रति अंश माँगा गया था, ₹ 5 प्रति अंश की आबंटन राशि (प्रीमियम सहित) का भुगतान न करने पर हरण कर लिया । इन अंशों में से 700 अंशों को ₹ 10 प्रति अंश ₹ 8 प्रदत्त पर देव को पुनः निर्गमित कर दिया गया ।

(ii) मोक्ष लिमिटेड ने ₹ 10 प्रत्येक के 5000 अंशों को जिन पर ₹ 3 प्रति अंश की प्रथम याचना प्राप्त नहीं हुई थी, का हरण कर लिया । ₹ 2 प्रति अंश की दूसरी तथा अन्तिम याचना अभी तक माँगी नहीं गयी थी । इनमें से 2000 अंशों को ₹ 7 प्रति अंश, ₹ 8 प्रदत्त पर गीता को पुनः निर्गमित कर दिया गया । **6**

**अथवा**

(iv) The amount of 'share capital' presented in the Balance Sheet of Radhey Ltd. will be :

(A) ₹ 43,50,000 (B) ₹ 43,90,000

(C) ₹ 43,82,000 (D) ₹ 44,00,000

(v) In the 'Notes to Accounts' the amount disclosed under 'Share Forfeiture Account will be :

(A) ₹ 50,000 (B) ₹ 40,000

(C) ₹ 8,000 (D) ₹ 32,000

(vi) The amount of 'Calls in Arrears' disclosed in 'Notes to Accounts' will be :

(A) ₹ 8,000 (B) ₹ 2,000

(C) ₹ 10,000 (D) ₹ 5,000

24. Mohit, Anisha and Shivam were partners in a firm sharing profits and losses in the ratio of 4:3:2. On $30^{th}$ September, 2023 Mohit died. After all necessary adjustments, Mohit's capital account showed a credit balance of ₹ 4,50,000. On $1^{st}$ October 2023, Mohit's executors were paid ₹ 50,000 in cash and the balance in two equal yearly instalments starting from $30^{th}$ September, 2024 with interest @ 6% p.a. on the unpaid amount. The firm closes its books on $31^{st}$ March every year.

Prepare Mohit's Executors account till the Amount is finally paid. **6**

25. (a) Pass necessary journal entries for forfeiture and reissue of forfeited shares in the following cases :

(i) Sanya Ltd. forfeited 2,000 shares of ₹ 10 each, issued at a premium of ₹ 2 per share, ₹ 8 called up, for non-payment of allotment money of ₹ 5 per share (including premium). Out of these, 700 shares were reissued to Dev as ₹ 8 paid up for ₹ 10 per share.

(ii) Moksh Ltd. forfeited 5,000 shares of ₹ 10 each on which first call of ₹ 3 per share was not received. The second and final call of ₹ 2 per share has not yet been called. Out of these, 2,000 shares were issued to Geeta as ₹ 8 paid up for ₹ 7 per share. **6**

**OR**

(b) रागा लिमिटेड ने ₹ 100 प्रत्येक के 85,000 समता अंशों को सममूल्य पर निर्गमित करने के लिए आवेदन आमन्त्रित किए । राशि का भुगतान निम्न प्रकार से देय था :

आवेदन पर – ₹ 30 प्रति अंश

आबंटन पर – ₹ 40 प्रति अंश

प्रथम तथा अन्तिम याचना पर – शेष

80,000 अंशों के लिए आवेदन प्राप्त हुए तथा सभी आवेदकों को पूर्ण रूप से अंशों का आबंटन कर दिया गया । जब आबंटन राशि देय हुई तो 300 अंशों के एक अंशधारक ने अपने अंशों पर इसका भुगतान नहीं किया तथा 500 अंशों के एक अन्य अंशधारक ने अपनी संपूर्ण अंश राशि का भुगतान कर दिया । आबंटन की अदत्त राशि सहित प्रथम एवं अन्तिम याचना पूर्ण रूप से प्राप्त हो गयी ।

रागा लिमिटेड की पुस्तकों में उपरोक्त लेनदेन की आवश्यक रोज़नामचा प्रविष्टियाँ कीजिए । जहाँ भी आवश्यक हो 'अदत्त-याचना खाता' तथा 'पूर्वदत्त याचना खाता' खोलिए । **6**

26. (a) मिताली तथा करण एक फर्म के साझेदार थे तथा 3 : 2 के अनुपात में लाभ-हानि बाँटते थे । 31 मार्च, 2025 को उनका स्थिति विवरण निम्न प्रकार से था :

**31 मार्च, 2025 को मिताली तथा करण का स्थिति विवरण**

| देयताएँ | | राशि (₹) | परिसम्पत्तियाँ | | राशि (₹) |
|---|---|---|---|---|---|
| पूँजी : | | | मशीनरी | | 8,00,000 |
| मिताली | 8,00,000 | | फर्नीचर | | 5,00,000 |
| करण | 5,00,000 | 13,00,000 | निवेश | | 1,50,000 |
| निवेश उतार-चढ़ाव कोष | | 20,000 | देनदार | 1,10,000 | |
| | | | घटा संदिग्ध ऋणों के लिए प्रावधान | 10,000 | 1,00,000 |
| बैंक ऋण | | 1,30,000 | स्टॉक | | 80,000 |
| लेनदार | | 2,00,000 | नगद | | 20,000 |
| | | **16,50,000** | | | **16,50,000** |

(b) Raga Ltd. invited applications for issuing 85,000 equity shares of ₹ 100 each at par. The amount was payable as follows :

On Application – ₹ 30 per share

On Allotment – ₹ 40 per share

On First and final call – balance

Applications were received for 80,000 shares and allotment was made to all the applicants in full. When the allotment was due, one shareholder failed to pay the amount on 300 shares held by him and another shareholder holding 500 shares paid the entire amount on his shares. The first and final call was duly received, along with arrears of allotment.

Pass necessary journal entries for the above transactions in the books of Raga Ltd. Open 'Calls in Arrears Account' and 'Calls in Advance Account' wherever necessary. **6**

26. (a) Mitali and Karan were partners in a firm sharing profits and losses in the ratio of 3:2. Their Balance Sheet as on 31st March, 2025 was as follows :

**Balance Sheet of Mitali and Karan as on 31st March, 2025**

| Liabilities | | Amount (₹) | Assets | | Amount (₹) |
|---|---|---|---|---|---|
| Capitals : | | | Machinery | | 8,00,000 |
| Mitali | 8,00,000 | | Furniture | | 5,00,000 |
| Karan | 5,00,000 | 13,00,000 | Investments | | 1,50,000 |
| Investment | | | Debtors | 1,10,000 | |
| Fluctuation fund | | 20,000 | Less provision | | |
| | | | for doubtful | | |
| | | | debts | 10,000 | 1,00,000 |
| | | 1,30,000 | Stock | | 80,000 |
| Creditors | | 2,00,000 | Cash | | 20,000 |
| | | **16,50,000** | | | **16,50,000** |

1 अप्रैल, 2025 को नितिन को फर्म के लाभों में 1/4 भाग के लिए निम्न शर्तों पर प्रवेश दिया गया :

(i) नितिन अपनी पूँजी के रूप में ₹ 3,00,000 तथा ख्याति प्रीमियम के अपने भाग के लिए ₹ 1,50,000 नगद लाएगा ।

(ii) स्टॉक को ₹ 70,000 में बेचा गया ।

(iii) मशीनरी का मूल्य ₹ 8,500 से अधिक पाया गया ।

(iv) सभी देनदार अच्छे पाए गए अतः संदिग्ध ऋणों के लिए प्रावधान की आवश्यकता नहीं थी ।

(v) लेनदारों में सम्मिलित ₹ 3,500 की एक देयता के उत्पन्न होने की संभावना नहीं है ।

(vi) निवेशों का बाज़ार मूल्य ₹ 1,40,000 था ।

(vii) मिताली, करण तथा नितिन के बीच नया लाभ विभाजन अनुपात 2 : 2 : 1 होगा ।

नितिन के प्रवेश पर उपरोक्त लेनदेनों की आवश्यक रोज़नामचा प्रविष्टियाँ कीजिए । **6**

**अथवा**

(b) राघव, मीता तथा प्रणव एक फर्म के साझेदार थे तथा 5 : 3 : 2 के अनुपात में लाभ-हानि बाँटते थे । 31 मार्च, 2025 को उनका स्थिति विवरण निम्न प्रकार से था :

**31 मार्च, 2025 को राघव, मीता तथा प्रणव का स्थिति विवरण**

| देयताएँ | | राशि (₹) | परिसम्पत्तियाँ | | राशि (₹) |
|---|---|---|---|---|---|
| पूँजी : | | | संयन्त्र एवं मशीनरी | | 4,30,000 |
| राघव | 2,50,000 | | फर्नीचर | | 1,60,000 |
| मीता | 2,00,000 | | स्टॉक | | 90,000 |
| प्रणव | 1,50,000 | 6,00,000 | देनदार | 80,000 | |
| सामान्य संचय | | 40,000 | घटा संदिग्ध ऋणों | | |
| देय बिल | | 30,000 | के लिए प्रावधान | 2,000 | 78,000 |
| लेनदार | | 1,20,000 | नगद | | 32,000 |
| | | **7,90,000** | | | **7,90,000** |

On 1st April, 2025, Nitin was admitted for 1/4 share in the profits of the firm on the following terms :

(i) Nitin will bring ₹ 3,00,000 as Capital and ₹ 1,50,000 for his share of goodwill premium in cash.

(ii) Stock was sold at ₹ 70,000.

(iii) Machinery was found to be overvalued by ₹ 8,500.

(iv) All debtors were found to be good, hence provision for doubtful debts was not required.

(v) A liability of ₹ 3,500 included in creditors is not likely to arise.

(vi) The market value of the investments was ₹ 1,40,000.

(vii) The new profit sharing ratio between Mitali, Karan and Nitin will be 2:2:1.

Pass necessary journal entries for the above transactions on Nitin's admission. **6**

**OR**

(b) Raghav, Meeta and Pranav were partners in a firm sharing profits and losses in the ratio of 5:3:2. Their balance sheet as at 31st March, 2025 was as follows :

**Balance Sheet of Raghav, Meeta and Pranav as on 31st March, 2025**

| Liabilities | | Amount (₹) | Assets | | Amount (₹) |
|---|---|---|---|---|---|
| Capitals : | | | Plant and Machinery | | 4,30,000 |
| Raghav | 2,50,000 | | Furniture | | 1,60,000 |
| Meeta | 2,00,000 | | Stock | | 90,000 |
| Pranav | 1,50,000 | 6,00,000 | Debtors | 80,000 | |
| General Reserve | | 40,000 | Less provision | | |
| Bills payable | | 30,000 | for doubtful | | |
| Creditors | | 1,20,000 | debts | 2,000 | 78,000 |
| | | | Cash | | 32,000 |
| | | **7,90,000** | | | **7,90,000** |

1 अप्रैल, 2025 को निम्न शर्तों पर प्रणव फर्म से सेवानिवृत्त हो गया :

(i) संयन्त्र तथा मशीनरी का मूल्य ₹ 20,000 कम पाया गया ।

(ii) फर्नीचर का पुनर्मूल्यांकन ₹ 1,62,000 किया गया ।

(iii) देनदारों पर संदिग्ध ऋणों के लिए 5% की दर से प्रावधान करना था ।

(iv) फर्म की ख्याति का मूल्यांकन ₹ 4,00,000 किया गया तथा इसका समायोजन शेष साझेदारों के पूँजी खातों के माध्यम से किया जायेगा ।

(v) राघव तथा मीता द्वारा इस प्रकार नगद लाकर जिससे कि उनकी पूँजी नए लाभ विभाजन अनुपात में हो जाए, प्रणव को नगद भुगतान किया गया ।

पुनर्मूल्यांकन खाता तथा साझेदारों के पूँजी खाते तैयार कीजिए । **6**

**भाग – ख**

**विकल्प – I**

**(वित्तीय विवरणों का विश्लेषण)**

27\. (a) सामान्य आकार आय विवरण में प्रत्येक मद __________ के प्रतिशत के रूप में व्यक्त की जाती है ।

(A) कुल आय (B) कुल व्यय

(C) प्रचालनों से आगम (D) कर पश्चात् शुद्ध लाभ **1**

**अथवा**

(b) वह विवरण जो विभिन्न वर्षों के अन्तःफर्म तुलना तथा समान वर्ष अथवा कई वर्षों के अन्तर फर्म तुलना दोनों में उपयोगी होते हैं, जाने जाते हैं

(A) तुलनात्मक विवरण (B) समान आकार विवरण

(C) आय विवरण (D) रोकड़ प्रवाह विवरण **1**

28\. **कथन-I :** रोकड़ तुल्य का अर्थ है लघुकालीन अत्यन्त तरल निवेश जिन्हें आसानी से ज्ञात मात्रा की नगद राशि में परिवर्तित किया जा सकता है तथा जिनके मूल्य में परिवर्तन का जोखिम बहुत कम महत्त्वपूर्ण होता है ।

**कथन-II :** एक निवेश सामान्यतः एक रोकड़ तुल्य के योग्य केवल तब होता है जब इसकी परिपक्वता अवधि अधिग्रहण की तिथि से तीन अथवा अधिक माह के लिए होती है ।

निम्न में से सही विकल्प का चयन कीजिए :

(A) दोनों कथन असत्य हैं ।

(B) दोनों कथन सत्य हैं ।

(C) कथन I असत्य तथा कथन II सत्य हैं ।

(D) कथन I सत्य तथा कथन II असत्य हैं । **1**

On 1st April, 2025, Pranav retired from the firm on the following terms :

(i) Plant and Machinery was found to be undervalued by ₹ 20,000.

(ii) Furniture was revalued at ₹ 1,62,000.

(iii) The provision for doubtful debts on debtors was to be created @ 5%.

(iv) Goodwill of the firm was valued at ₹ 4,00,000 and the same was to be adjusted through the capital accounts of the remaining partners.

(v) Pranav was paid in cash brought in by Raghav and Meeta in such a way so as to make the capital proportionate to the new profit sharing ratio.

Prepare Revaluation Account and Partners' Capital Accounts. **6**

## PART – B
## OPTION – I
## (Analysis of Financial Statements)

27. (a) In common size income statement, each item is expressed as a percentage of _____.

(A) Total income (B) Total expenses

(C) Revenue from operations (D) Net profit after tax **1**

**OR**

(b) The statements which are useful both in intra firm comparison over different years and also in inter firm comparison for the same year or for several years are known as :

(A) Comparative statement (B) Common size statement

(C) Income statement (D) Cash flow statement **1**

28. **Statement-I :** Cash equivalents mean short term highly liquid investments that are readily convertible into known amounts of cash and which are subject to an insignificant risk of changes in value.

**Statement-II :** An investment normally qualifies as a cash equivalent only when it has a short maturity period of three months or more from the date of acquisition.

Choose the correct alternative from the following :

(A) Both the Statements are false.

(B) Both the Statements are true.

(C) Statement I is false and Statement II is true.

(D) Statement I is true and Statement II is false. **1**

29. थीटा लिमिटेड का तरल अनुपात 0.8 : 1 है । निम्न में से कौन से लेनदेन का परिणाम अनुपात में कमी करेगा ?

(A) ₹ 39,000 का माल उधार बेचा ।

(B) देनदारों से ₹ 76,000 नगद एकत्रित किए ।

(C) ₹ 41,000 के बिजली के अदत्त बिल का भुगतान किया ।

(D) ₹ 5,00,000 के अंशों का निर्गमन । **1**

30. (a) निम्न में से कौन सा लेनदेन निवेश गतिविधियों से रोकड़ प्रवाह **नहीं** है ?

(A) ₹ 90,000 में मशीनरी का नगद विक्रय

(B) ₹ 5,00,000 की ख्याति का क्रय

(C) ₹ 20,000 की विपणन योग्य प्रतिभूतियों का नगद क्रय

(D) ₹ 43,000 के फर्नीचर का नगद विक्रय **1**

**अथवा**

(b) निम्न में से किस लेनदेन का परिणाम रोकड़ प्रवाह नहीं होगा ?

(A) चैक के माध्यम से फर्नीचर का क्रय

(B) वेतन का भुगतान

(C) अंशों का निर्गमन

(D) बैंक में नगद जमा **1**

31. कम्पनी अधिनियम 2013 की अनुसूची III, भाग I के अनुसार निम्न मदों को कम्पनी के स्थिति विवरण के मुख्य शीर्षकों तथा उपमुख्य शीर्षकों (यदि कोई है) के अन्तर्गत वर्गीकृत कीजिए :

(i) खुदरा औजार

(ii) रूपांकन

(iii) पूँजीगत कार्य प्रगति पर **3**

29. The quick ratio of Theta Ltd. is 0.8:1. Which of the following transactions will result in decrease in this ratio ?

(A) Sold goods on credit ₹ 39,000.

(B) Cash collected from debtors ₹ 76,000.

(C) Outstanding electricity bill paid ₹ 41,000.

(D) Issue of shares ₹ 5,00,000. **1**

30. (a) Which of the following transactions is NOT a cash flow from investing activity ?

(A) Sale of machinery for cash ₹ 90,000

(B) Purchase of goodwill ₹ 5,00,000

(C) Purchase of marketable securities for cash ₹ 20,000

(D) Sale of furniture for ₹ 43,000 for cash **1**

**OR**

(b) Which of the following transactions will not result in flow of cash ?

(A) Purchase of furniture through a cheque

(B) Payment of salaries

(C) Issue of shares

(D) Cash deposited in the bank **1**

31. Classify the following items under major heads and sub-heads (if any) in the Balance Sheet of the company as per Schedule III, Part I of the Companies Act, 2013 :

(i) Loose tools

(ii) Design

(iii) Capital work in progress **3**

32. सी के लिमिटेड की निम्न सूचना से 31 मार्च, 2024 तथा 31 मार्च, 2025 को समाप्त हुए वर्षों के लिए सामान्य आकार लाभ–हानि विवरण तैयार कीजिए :

| विवरण | नोट सं. | 2024-25 (₹) | 2023-24 (₹) |
|---|---|---|---|
| प्रचालनों से आगम | | 80,00,000 | 40,00,000 |
| उपभोग किए गए माल की लागत | | 24,00,000 | 16,00,000 |
| कर्मचारी हित लाभ व्यय | | 4,00,000 | 2,00,000 |
| आयकर 20% की दर से | | | |

3

33. निम्न सूचना नवल लिमिटेड की पुस्तकों से प्राप्त की गयी है :

कम्पनी का व्यापारिक प्राप्य आवर्त्त अनुपात 4 गुना है, प्रचालनों से आगम की लागत ₹ 6,40,000, सकल लाभ अनुपात 20%, अन्तिम व्यापार प्राप्य आरम्भिक व्यापार प्राप्य से ₹ 20,000 अधिक है तथा प्रचालनों से नगद आगम प्रचालनों से उधार आगम का $33\frac{1}{3}\%$ है । इसके आरंभिक तथा अन्तिम व्यापारिक प्राप्यों की गणना कीजिए ।

4

34. 31 मार्च, 2025 को रामा लिमिटेड के निम्न स्थिति विवरण से निवेश गतिविधियों तथा वित्तीयन गतिविधियों से रोकड़ प्रवाह की गणना कीजिए :

| विवरण | नोट सं. | 31-3-2025 (₹) | 31-3-2024 (₹) |
|---|---|---|---|
| **I. समता एवं देयताएँ :** | | | |
| 1. अंशधारक निधियाँ | | | |
| (a) अंश पूँजी | | 21,00,000 | 10,00,000 |
| (b) संचय एवं आधिक्य | 1 | 1,30,000 | 2,40,000 |
| 2. अचल देयताएँ : | | | |
| दीर्घकालीन उधार | 2 | 2,50,000 | 3,20,000 |
| 3. चालू देयताएँ : | | | |
| (a) लघुकालीन उधार | 3 | 90,000 | 70,000 |
| (b) व्यापारिक देय | | 20,000 | 60,000 |
| **कुल** | | **25,90,000** | **16,90,000** |

32. From the following information of CK Ltd,, prepare a Common Size Statement of Profit and Loss for the year ended 31st March, 2024 and 31st March, 2025.

| Particulars | Note No. | 2024-25 (₹) | 2023-24 (₹) |
|---|---|---|---|
| Revenue from operations | | 80,00,000 | 40,00,000 |
| Cost of materials consumed | | 24,00,000 | 16,00,000 |
| Employee benefit expenses | | 4,00,000 | 2,00,000 |
| Income tax @ 20% | | | |

3

33. The following information has been obtained from the books of Naval Ltd. Trade receivables turnover ratio of the company is 4 times, cost of revenue from operations ₹ 6,40,000 ; gross profit ratio 20%, closing trade receivables were ₹ 20,000 more than that in the beginning, cash revenue from operations being $33\frac{1}{3}$% of credit revenue from operations. Calculate its opening and closing trade receivables. 4

34. From the following Balance Sheet of Rama Ltd. as at 31st March, 2025, calculate cash flows from Investing Activities and cash flows from Financing Activities.

| Particulars | Note No. | 31-3-2025 (₹) | 31-3-2024 (₹) |
|---|---|---|---|
| **I. Equity and Liabilities :** | | | |
| 1. Shareholders funds | | | |
| (a) Share Capital | | 21,00,000 | 10,00,000 |
| (b) Reserves and Surplus | 1 | 1,30,000 | 2,40,000 |
| 2. Non-current liabilities | | | |
| Long-term borrowings | 2 | 2,50,000 | 3,20,000 |
| 3. Current Liabilities | | | |
| (a) Short-term borrowings | 3 | 90,000 | 70,000 |
| (b) Trade Payables | | 20,000 | 60,000 |
| **Total** | | **25,90,000** | **16,90,000** |

| **II. परिसम्पत्तियाँ :** | | | |
|---|---|---|---|
| 1. अचल परिसम्पत्तियाँ : | | | |
| (a) संपत्ति, संयन्त्र तथा उपकरण तथा अमूर्त परिसम्पत्तियाँ | | | |
| (i) संपत्ति, संयन्त्र तथा उपकरण | 4 | 14,00,000 | 9,00,000 |
| (ii) अमूर्त परिसम्पत्तियाँ | 5 | 4,00,000 | 2,40,000 |
| (b) अचल निवेश | | 5,44,000 | 3,40,000 |
| 2. चालू परिसम्पत्तियाँ : | | | |
| (a) इन्वेन्टरी स्टॉक (माल सूची) | | 1,45,000 | 54,000 |
| (b) व्यापार प्राप्य | | 62,000 | 1,26,000 |
| (c) रोकड़ एवं रोकड़ तुल्य | | 39,000 | 30,000 |
| **कुल** | | **25,90,000** | **16,90,000** |

खातों के नोट्स **:**

| नोट सं. | विवरण | 31-03-2025 (₹) | 31-03-2024 (₹) |
|---|---|---|---|
| 1. | संचय एवं आधिक्य : | | |
| | अर्थात लाभ–हानि विवरण का शेष | 1,30,000 | 2,40,000 |
| 2. | दीर्घकालीन उधार | | |
| | 10% ऋणपत्र | 2,50,000 | 3,20,000 |
| 3. | लघुकालीन उधार | | |
| | बैंक अधिविकर्ष | 90,000 | 70,000 |
| 4. | संपत्ति, संयन्त्र तथा उपकरण | | |
| | संयन्त्र तथा मशीनरी | 15,20,000 | 9,80,000 |
| | एकत्रित मूल्य ह्रास | (1,20,000) | (80,000) |
| | | 14,00,000 | 9,00,000 |
| 5. | अमूर्त परिसम्पत्तियाँ : | | |
| | ख्याति | 4,00,000 | 2,40,000 |

**अतिरिक्त सूचना :**

(i) वर्ष के दौरान संयन्त्र तथा मशीनरी पर ₹ 80,000 मूल्य ह्रास लगाया गया।

(ii) वर्ष के दौरान ₹ 8,00,000 लागत की एक नई मशीन खरीदी गयी तथा एक पुरानी मशीन को ₹ 8,000 के लाभ पर बेचा गया।

(iii) ऋणपत्रों पर भुगतान किए गए ब्याज की राशि ₹ 32,000 थी। **6**

| II. Assets : | | | |
|---|---|---|---|
| 1. Non-current Assets | | | |
| (a) Property, Plant and Equipment and Intangible Assets | | | |
| (i) Property Plant and Equipment | 4 | 14,00,000 | 9,00,000 |
| (ii) Intangible Assets | 5 | 4,00,000 | 2,40,000 |
| (b) Non-current Investments | | 5,44,000 | 3,40,000 |
| 2. Current Assets | | | |
| (a) Inventories | | 1,45,000 | 54,000 |
| (b) Trade Receivables | | 62,000 | 1,26,000 |
| (c) Cash and Cash Equivalents | | 39,000 | 30,000 |
| **Total** | | **25,90,000** | **16,90,000** |

**Notes to Accounts :**

| Note No. | Particulars | 31-03-2025 (₹) | 31-03-2024 (₹) |
|---|---|---|---|
| 1. | Reserves and Surplus i.e. Balance in Statement of Profit and Loss | 1,30,000 | 2,40,000 |
| 2. | Long-term borrowings | | |
| | 10% Debentures | 2,50,000 | 3,20,000 |
| 3. | Short-term borrowings | | |
| | Bank overdraft | 90,000 | 70,000 |
| 4. | Property, Plant and Equipment | | |
| | Plant and Machinery | 15,20,000 | 9,80,000 |
| | Accumulated Depreciation | (1,20,000) | (80,000) |
| | | 14,00,000 | 9,00,000 |
| 5. | Intangible Assets : | | |
| | Goodwill | 4,00,000 | 2,40,000 |

**Additional Information :**

(i) Depreciation amounting to ₹ 80,000 was charged on plant and machinery during the year.

(ii) During the year a new machine costing ₹ 8,00,000 was purchased and an old machine was sold at a profit of ₹ 8,000.

(iii) Interest paid on debentures amounted to ₹ 32,000. **6**

**भाग – ख**

**विकल्प – II**

**(अभिकलित्र लेखांकन)**

27. चार्ट का कौन सा तत्त्व आँकड़ा मूल्यों (डेटा मान) तथा श्रेणियों का विवरण चार्ट के नीचे दर्शाता है :

(A) डेटा मार्कर
(B) डेटा लेबल्स
(C) डेटा टेबल्स
(D) डेटा बिन्दु **1**

28. (a) एक कम्प्यूटर के मुख्य संघटक हैं

(A) हार्डवेयर तथा सॉफ्टवेयर
(B) प्रचालन तंत्र (सिस्टम) सॉफ्टवेयर तथा हार्डवेयर
(C) एप्लीकेशन सॉफ्टवेयर तथा हार्डवेयर
(D) प्रचालन तंत्र (सिस्टम) सॉफ्टवेयर तथा एप्लीकेशन सॉफ्टवेयर **1**

**अथवा**

(b) निम्नलिखित में से कौन सा लेखांकन के समता एवं देयताएँ समूह का भाग नहीं है ?

(A) शेयर वारंट के विरुद्ध प्राप्त धन
(B) आस्थगित कर देयता
(C) पूँजीगत कार्य प्रगति पर
(D) व्यापारिक देय **1**

29. (a) उन संगठनों के लिए जिनमें लेखांकन लेनदेनों की मात्रा बहुत कम होती है तथा अनुकूलन क्षमता बहुत ऊँची होती है वहाँ किस प्रकार का सॉफ्टवेयर पैकेज़ अधिक उपयुक्त होता है ?

(A) विशिष्ट
(B) जातिगत (जैनेरिक)
(C) टेलर्ड
(D) (A) तथा (C) दोनों **1**

**अथवा**

(b) ऐक्सेल में एकाधिक परिणामों के साथ एकल सूत्र (फॉर्मूला) बनाने के लिए किसका उपयोग किया जाता है ?

(A) व्यूह-रचना (ऐरे)
(B) व्युत्पन्न मूल्य
(C) वेक्टर्स
(D) राउण्ड ( ) **1**

## PART – B

## OPTION – II

### (Computerised Accounting)

27. Which chart element details the data values and categories below the chart :

(A) Data marker (B) Data labels

(C) Data tables (D) Data point **1**

28. (a) Mainly the components of computer are :

(A) Hardware and software

(B) System software and Hardware

(C) Application software and Hardware

(D) System software and Application software **1**

**OR**

(b) Which of the following is not a part of equity and liability group of accounts ?

(A) Money received against share warrants

(B) Deferred tax liability

(C) Capital work in progess

(D) Trade payable **1**

29. (a) Which type of software package is suitable for an organization where the volume of accounting transaction is very low and adaptability is very high ?

(A) Specific (B) Generic

(C) Tailored (D) (A) and (C) both **1**

**OR**

(b) What is used to build single formula with multiple results in Excel ?

(A) Array (B) Derived value

(C) Vectors (D) Round ( ) **1**

30. निम्नलिखित में से कौन से लेखांकन उपतंत्र से मूल्य ह्रास उत्पन्न होता है ?

(A) कर लेखांकन उप-तंत्र

(B) व्यय लेखांकन उप-तंत्र

(C) स्थायी परिसम्पत्ति लेखांकन उपतंत्र

(D) अंतिम लेखे उपतंत्र **1**

31. सैल रेफरेंस, एब्सोल्यूट सैल रेफरेंस तथा रेलेटिव सैल रेफरेंस का क्या अर्थ है ? **3**

32. कम्प्यूटीकृत लेखांकन तंत्र की किन्हीं तीन विशेषताओं को समझाइए। **3**

33. (a) टैक्स्ट को बदलने वाला (मेन्यूपुलेशन) फंक्शन क्या है ? इसकी वाक्य-रचना (सिन्टैक्स) समझाइए। **4**

**अथवा**

(b) चुने गए चार्ट तत्त्व के प्रारूप को बदलने वाले चरणों को लिखिए। **4**

34. जब कोई स्तंभ (कॉलम) पर्याप्त चौड़ा नहीं है अथवा नकारात्मक दिनांक या समय का उपयोग किया जाता है तो कौन सी अशुद्धि उत्पन्न होती है ? इस अशुद्धि को सही करने के लिए विभिन्न चरणों का उल्लेख कीजिए। **6**

30. Depreciation is generated from which of the following accounting sub-system :

(A) Tax accounting sub-system

(B) Expense accounting sub-system

(C) Fixed assets accounting sub-system

(D) Final accounts sub-system 1

31. What is meant by cell reference, absolute cell reference and relative cell reference ? 3

32. Explain any three features of Computerized Accounting System. 3

33. (a) What is Text Manipulation Function ? Explain its syntax. 4

**OR**

(b) Write the steps to change format of selected chart element. 4

34. Which error occur when a column is not wide enough or a negative date or time is used ? State the various steps to correct this error. 6